# हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

**(द्वितीय सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## बुधवार, 28 मार्च, 2018/7 चैत्र, 1940 (शक्)

----

**[मुख्य मन्त्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा वन मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 13**

----

### नई मशीनरी

41 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार बर्फ हटाने हेतु नई मशीनरी क्रय करने का विचार रखती है ?

----

### धनराशि की अदायगी

42 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत एक वर्ष में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अर्न्तगत मनरेगा के तहत कितनों की मजदूरी की अदायगी नहीं की गई; शेष को कब तक कर दी जाएगी; ब्यौरा पंचायतवार दें?

----

### राष्ट्रीय राजमार्ग नालागढ़-स्वारघाट

43 **श्री लखविन्द्र सिंह राणा(नालागढ़) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) राष्ट्रीय राजमार्ग नालागढ़ से स्वारघाट कब तक पक्का हो जाएगा और कितनी धनराशि व्यय की जाएगी;

(ख) यह सत्य है कि पिंजौर-नालागढ़ राजमार्ग फोरलेन किया जा रहा है; और

(ग) यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

----

## ठेकेदारों को कार्य

44 **श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग में कितने ठेकेदारों को दो या उससे अधिक कार्य दिए गए; ब्यौरा कार्यवार व ठेकेदार के नाम सहित दें; और

(ख) कितने पंजीकृत ठेकेदार ऐसे हैं जिन्हें एक भी कार्य का आबंटन नहीं किया गया; ब्यौरा दें?

----

## धारा-118 के अन्तर्गत मामले

45 **श्री सुरेश कुमार कश्यप(पच्छाद) :**
**श्री विनोद कुमार(नाचन) :**
**श्री इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश अभिधृति और भूमि सुधार अधिनियम, 1972 की धारा -118 के अन्तर्गत प्रदेश मे किन-किन को किस कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान की गई; कितनों को पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत दी गई; ब्यौरा दें;

(ख) इसमें कब-कब संशोधन किए गए, इसके अन्तर्गत कोई उल्लंघन (Violation) हुआ है; ब्यौरा मामलावार दें; और

(ग) क्या सरकार इसे सरल करने का विचार रखती है ?

----

## नाबार्ड के अन्तर्गत धनराशि

46 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में प्रदेश में विधायक प्राथमिकता की नाबार्ड के अन्तर्गत सड़कों व पुलों के निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; ब्यौरा योजना एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें ?

----

## भवन निर्माण

**47 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि उप-तहसील पंजैहरा के भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन कर लिया है; यदि हां, तो कब तक कार्य आरम्भ किया जाएगा?

----

## सड़क निर्माण

**48 श्री विनय कुमार(श्री रेणुकाजी ) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न सड़कों पर कितनी धनराशि व्यय हुई; ब्यौरा सड़कों की कुल लम्बाई व ठेकेदारों के नाम सहित दें;

(ख) गत तीन वर्षों में PWD डिवीजन संगड़ाह, नाहन, पांवटा साहिब में कितनी सड़कों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) बनी;

(ग) कितनी NABARD, PMGSY और CRF के तहत स्वीकृत की गई; और

(घ) कितनी सरकार के पास लम्बित हैं; ब्यौरा दें?

----

## गृह अनुदान

**49 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी ):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में रेणुकाजी विधान निर्वाचन क्षेत्र में कितने लोगों को गृह अनुदान दिया गया और कितनी-कितनी धनराशि दी गई; नाम सहित ब्यौरा दें?

----

## ऊर्जा लाइट

**50 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी ):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड संगड़ाह, नाहन एवं पांवटा साहिब में किन-किन पंचायतों में किस-किस जगह कितनी ऊर्जा लाइट लगाई गई; ब्यौरा पंचायतवार गांव सहित दें?

----

## भू-संरक्षण विभाग को धनराशि

51 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार)ः**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षो में भू-संरक्षण विभाग जिला कुल्लू को विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कितनी धनराशि आबंटित की गई; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) कितनी पूर्ण हो चुकी हैं; कितनी लंबित हैं और कितनी योजनाओं के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुके हैं?

----

## Opening of Tehsils and Sub-Tehsils

52 **Sh. Balbir Singh (Chintpurni):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three years how many Revenue Sub-Divisions, Tehsils and Sub-Tehsils were opened; details be given; and

(b) whether requisite supporting staff as per norms was made available before making the offices functional; if not, reasons thereof?

----

## पुलिस कर्मचारियों को अतिरिक्त वेतन

53 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब) :**
**श्री राकेश सिंघा(ठियोग) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि पुलिस कर्मचारियों को 12 की जगह 13 माह का वेतन दिया जाता है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार क्या हर वर्ष वेतन वृद्धि (increment) के साथ 13 माह के वेतन में भी बढ़ौतरी कर रही है?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 13 मार्च , 2018.** **सचिव।**